उसकी बल्लेबाजी में सुधार आया है तो वह ऊपरी क्रम पर आयेगा। उसने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अलग अलग पिचों पर शानदार बल्लेबाजी की । उम्मीद है कि वह हमारे लिये रन बना सकेगा। - सौरव गांगुली

दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक, अक्षर पटेल को ऊपरी क्रम भेजने पर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी लक्ष्य सेन

खराब फॉर्म में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने कहा कि उन्होंने अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान लगाने के लिये छोटा सा ब्रेक लिया है। अल्मोड़ा का 21 साल का खिलाड़ी इस सत्र में कई टूर्नामेंट में लगातार शुरू में ही बाहर हो रहा है। सेन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, ''मैं ब्रेक करने की अहमियत पर बात करना चाहता हूं। मुझे महसूस हुआ है कि कभी कभार अपने लिए सबसे अच्छी चीज यही होती है कि आप 'रिचार्ज' (तरोताजा होने के लिए) एक कदम पीछे लो। इसलिये मैंने सामान्य दिनचर्या से खुद पर ध्यान लगाने के लिए थोड़ा ब्रेक लिया है।

क्या आप जानते हैं ?... पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

अंपायर को बचाने आए युवक की हत्या

कटक, 3 अप्रैल। ओड़िशा के चौद्वार में कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार को एक क्रिकेट मैच के दौरान अंपायर को हमले से बचाने आए एक युवक की हत्या के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि कटक जिले के बेरहामपुर गांव के रहने वाले सभी चारों आरोपियों ने युवक की समय हत्या कर दी, जब वह 'नो बॉल' के फैसले को लेकर अंपायर को हमले से बचाने आया था। कटक के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पिनाक मिश्रा ने कहा कि चारों आरोपियों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। मिश्रा ने बताया कि दो अप्रैल को चौद्वार थाना क्षेत्र के महिसलंदा गांव में बेरहामपुर और शंकरपुर गांव के बीच क्रिकेट मैच चल रहा था। मैच के दौरान अंपायर ने नो बॉल का निर्णय दिया तो चारों आरोपियों ने इस निर्णय से नाराज होकर अंपायर पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी ने अंपायर को बचाने के लिए मैदान में आए युवक के साथ मारपीट की। युवक को अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। डीसीपी ने कहा कि पुलिस ने चौद्वार पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर एक आरोपी को बेरहामपुर गांव से गिरफ्तार किया और बाद में तीन अन्य को गिरफ्तार किया गया।

शुभमन गिल को कड़ी मेहनत से मुश्किल हालात में मदद मिलती है : विजय शंकर

नयी दिल्ली, 3 अप्रैल। गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर विजय शंकर ने सोमवार को कहा कि शुभमन गिल को उनकी कड़ी मेहनत के करण अतीत में मुश्किल हालात से उबरने में मदद मिली है। भारतीय टीम की ओर से पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करने वाले गिल ने शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच विजयी पारी खेली थी। विजय ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम के आईपीएल मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''गिल प्रेरणादायी है और उसके साथ गुजरात तथा इससे पहले भारत ए में ड्रेसिंग रूम साझा करना सम्मान की बात है। वह शानदार खिलाड़ी है। वह कड़ी मेहनत करता है और इससे आपको मुश्किल हालात से निकलने में मदद मिलती है।'' कई लोगों का मानना है कि 'इंपेक्ट प्लेयर' के नियम से ऑलराउंडरों की भूमिका पर असर पड़ेगा लेकिन विजय का मानना है कि उनके पास पर्याप्त कौशल है कि उन्हें टीम में चुना जाए। उन्होंने कहा, ''मैं बल्लेबाजी और गेंदबाजी का लुत्फ उठाता हूं और अगर कल कोई चोटिल हो जाता है तो मैं टीम की जरूरत के अनुसार कोई भी भूमिका निभाने को तैयार हूं।''

न्यूकासल से हारा मैनचेस्टर यूनाईटेड, ईपीएल में शीर्ष चार में जगह सुनिश्चित नहीं

लंदन, 3 अप्रैल। मैनचेस्टर यूनाईटेड को रविवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में न्यूकासल यूनाईटेड के खिलाफ 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ईपीएल में शीर्ष चार पर रहने की टीम की उम्मीदों को झटका लगा है। ईपीएल में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें यूरोप की शीर्ष क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करेंगी। आर्सेनल और मैनचेस्टर सिटी का पहले दो स्थान पर रहना लगभग तय है लेकिन मैनचेस्टर यूनाईटेड की हार के साथ बाकी दो स्थान के लिए दौड़ रोमांचक हो गई है। रविवार को न्यूकासल की ओर से जो विलोक और कैलम विल्सन ने दूसरे हाफ में गोल दागे। इस जीत से न्यूकासल की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मैनचेस्टर यूनाईटेड की टीम के भी न्यूकासल के समान अंक हैं लेकिन खराब गोल अंतर के कारण वह चौथे स्थान पर है। इन दोनों टीम से एक अंक पीछे टोटेनहैम दूसरे स्थान पर है लेकिन उसे सोमवार को एवर्टन से भिड़ना है।

शाकिब अल हसन हुए आईपीएल 2023 से बाहर, कोलकाता नाइट राइडर्स को लगा बड़ा झटका

नई दिल्ली, 3 अप्रेल। शाकिब अल हसन आईपीएल 2023 से बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश के इस ऑलराउंडर ने औपचारिक रूप से कोलकाता नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी को सीजन के लिए अपनी अनुपलब्धता की जानकारी दे दी है। माना जा रहाहै कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और व्यक्तिगत मुद्दों के चलते उन्होंने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस लिया है।कोलकाता नाइट राइडर्स ने शाकिब अल हसन को इस साल 1.50 रुपए के बेस प्राइज में अपने खेमे में शामिल किया था। शाकिब अल हसन ने अभी तक आयरलैंड के खिलाफ सीरीज की वजह से आईपीएल 2023 का एक भी मैच नहीं खेला है। वह 8 अप्रैल के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़ने वाले थे। बांग्लादेश को 4 अप्रैल से आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलना है। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज लिटन दास को भी कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2023 की नीलामी में खरीदा था। वह आयरलैंड के खिलाफ ये टेस्ट मैच खत्म कर टीम से जुड़ेंगे। बांग्लादेश के इस हरफनमौला ने आईपीएल में खेले अभी तक 71 मुकाबलों में793 रन बनाने के साथ 63 विकेट चटकाए हैं।

चैन्नई की जीत में गायकवाड़, कॉनवे और मोईन चमके

चेन्नई, 3 अप्रैल। चेन्नई सुपर किंग्स ने रुतुराज गायकवाड़ और डेवन कॉनवे की तूफानी शतकीय साझेदारी के बाद मोईन अली की शानदार गेंदबाजी की मदद से घरेलू मैदान चेपौक स्टेडियम पर सोमवार को खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 12 रन से मात दी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 217 रन बनाये, जिसके जवाब में लखनऊ 205 रन तक ही पहुंच सका।

रुतुराज (31 गेंद, तीन चौके, चार छक्के, 57 रन) और कॉनवे (29 गेंद, पांच चौके, दो छक्के, 47 रन) ने पहले विकेट के लिये 110 रन की साझेदारी करके टीम के लिये मजबूत मंच तैयार किया। रवि बिश्नोई और मार्क वुड ने तीन-तीन विकेट लेकर लखनऊ की वापसी करवाई, लेकिन वे चेन्नई को विशाल स्कोर खड़ा करने से नहीं रोक सके।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स लखनऊ को जीत की ओर ले जा रहे थे, लेकिन मोईन ने उन्हें आउट करके मैच का रुख पलट दिया। मेयर्स ने 22 गेंद पर आठ चौकों और दो छक्कों के साथ 53 रन बनाये और उनका विकेट गिरते ही लखनऊ की पारी का पतन शुरू हो गया। निकोलस पूरन (18 गेंद, 32 रन) ने मध्यक्रम में जुझारू पारी खेली लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला।

चेन्नई के लिये गायकवाड़ ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई तो कप्तान

महेंद्र सिंह धोनी ने 89 मीटर का छक्का जड़कर चेन्नई के गढ चेपॉक स्टेडियम पर दर्शकों को रोमांचित कर दिया । 'थाला' धोनी ने दो छक्के जड़े लेकिन मार्क वुड को तीसरा छक्का जड़ने के प्रयास में तीन गेंद पर 12 रन बनाकर आउट हो गए ।

गायकवाड़ ने 37 गेंद में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाये जबकि डेवोन कोंवे ने 29 गेंद में 47 रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे । शिवम दुबे ने 16 गेंद में 27 रन बनाये जिसमें एक चौका और तीन छक्के शामिल थे ।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को पांच विकेट लेने वाले वुड ने चार ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाये । लखनऊ के लिये लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिये ।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर गायकवाड़ और कोंवे ने पहले छह ओवर में 79 रन बनाये । पहले मैच में 92 रन बनाने वाले गायकवाड़ ने उस लय को कायम रखा और न्यूजीलैंड के कोंवे ने उनका पूरा साथ दिया । चेन्नई के 100 रन आठवें ओवर में बने ।

गायकवाड़ ने के गौतम के पहले ओवर में तीन छक्के लगाये । तेज गेंदबाज आवेश खान ने दूसरे ओवर की पहली चार गेंद में ही 16 रन दे डाले । उन्होंने तीन ओवर मे 39 रन देकर बेन स्टोक्स का विकेट लिया। इससे पहले मैदान पर कुत्ता आने के कारण मैच कुछ मिनट विलंब से शुरू हुआ।

रोहित ने कहा, बल्लेबाजी ने निराश किया, तिलक का प्रयास सराहनी

मुंबई, 3 अप्रैल। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हाथों मिली आठ विकेट की करारी हार के बाद स्वीकार किया कि तिलक वर्मा के अलावा कोई बल्लेबाज पिच का फायदा नहीं उठा सका।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर रविवार को खेले गये मैच में बायें हाथ के युवा बल्लेबाज तिलक ने महज 46 गेंद पर नाबाद 84 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 48 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे लेकिन तिलक ने 182.6 के स्ट्राइक रेट से नौ चौके और चार छक्के लगाकर टीम को 171 रन तक पहुंचा दिया। रोहित ने कहा, ''शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन अंत में तिलक का प्रयास अच्छा रहा। गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी नहीं की। हमने काफी अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, यह अच्छी पिच थी।''

उन्होंने कहा, ''आज उसने (तिलक ने) जो कुछ शॉट खेले उनमें से कुछ में उसने काफी हिम्मत दिखाई। हम बेबाक खेलना चाहते थे। हमें सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के लिये तिलक को श्रेय जाता है। यह बल्लेबाजी के लिये अच्छी पिच थी। हमने अपनी क्षमता के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं की। हम 30-40 रन और जोड़ सकते थे।''

तिलक का प्रयास हालांकि काम नहीं आ सका और विराट कोहली-फाफ डु प्लेसिस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 148 रन की साझेदारी करके मुंबई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मुंबई के गेंदबाज डु प्लेसिस और दिनेश कार्तिक को आउट करने में सफल रहे, लेकिन तब तक मैच हाथ से निकल चुका था।

रोहित ने कमजोर गेंदबाजी प्रदर्शन पर कहा, ''पिछले छह-आठ महीनों से मैं बुमराह के बिना खेल रहा हूं। हम उन चीजों के लिये कुछ नहीं कर सकते जिस पर हमारा नियंत्रण नहीं है। अन्य लोग भी प्रतिभाशाली हैं। बहुत से लोगों ने पहले आईपीएल नहीं खेला है और उनके लिये यह उनका सीजन का पहला मैच था। मुझे लगता है आगे देखने के लिये बहुत कुछ बाकी है।''

विश्व ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में भाग ले सकेंगे रूसी एथलीट

सियोल, 3 अप्रैल। विश्व ताइक्वांडो महासंघ ने सोमवार को कहा कि रूसी एथलीट अगले महीने होने वाली विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हिस्सा ले सकेंगे। विश्व तायक्वोंडो के इस फैसले के कारण युद्धठास्त यूक्रेन चैंपियनशिप का बहिष्कार कर सकता है।

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने पिछले हफ्ते खेल निकायों को सलाह दी थी कि वे रूस और बेलारूस से आने वाले एथलीटों को आयोजनों में तटस्थ रूप से भाग लेने की अनुमति दें। यूक्रेनी सरकार ने इसके बाद एक बयान जारी कर कहा था कि उसके एथलीट उन आयोजनों में हिस्सा नहीं लेंगे जहां रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को प्रवेश की अनुमति होगी। तायक्वोंडो विश्व चैंपियनशिप 29 मई को बाकू में शुरू होने वाली है, जहां रूसी और बेलारूसी वीजा प्रतिबंधों के बिना स्वतंत्र रूप से यात्रा कर सकते हैं। विश्व तायक्वोंडो ने कहा कि एक समीक्षा समिति भाग लेने वाले रूसी और बेलारूसी एथलीटों एवं सहायक कर्मियों की तटस्थता सुनिश्चित करने के लिये ''सत्यापन प्रक्रिया'' की देखरेख करेगी।

विश्व निकाय ने कहा, ''समीक्षा समिति द्वारा अंतिम मूल्यांकन और अनुमोदन से पहले तीन-चरणीय सत्यापन प्रक्रिया में सदस्य राष्ट्रीय संघ और महाद्वीपीय संघ द्वारा सत्यापन शामिल होगा। रूसी तायक्वांडो एथलीटों को यूक्रेन में युद्ध के कारण मेक्सिको में आयोजित 2022 विश्व चैंपियनशिप से बाहर रखा गया था। उन्होंने 2019 में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में चार पदक जीते थे। तायक्वांडो के खेल में रूस मजबूत है। इसके ताइक्वांडो एथलीटों ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में दो स्वर्ण सहित चार पदक जीते थे, जबकि यूक्रेन का कोई एथलीट क्वालीफाई नहीं कर सका था।

सीए ने महिला खिलाडियों के वेतन में 25% बढ़ोतरी की

ऑस्ट्रेलिया, 3 मार्च। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने खिलाड़ी संघ के साथ सोमवार को हुए समझौते के तहत महिला टीम के न्यूनतम और औसत वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। सीए ने इसके अलावा अपनी घरेलू टी20 लीग बिग बैश लीग की वेतन सीमा को 50 प्रतिशत बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। पुरुषों की बिग बैश लीग (बीबीएल) में प्रत्येक टीम के लिये वेतन सीमा 30 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक बढ़ जाएगी, जबकि महिला बीबीएल की वेतन सीमा को 7.32 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। सीए के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने इस समझौते पर कहा, ''हमने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता को पहचाना है कि बदलते वैश्विक क्रिकेट परिदृश्य में बीबीएल अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बना रहे। हमें विश्वास है कि यह समझौता ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट सत्र में अपनी जगह बनाए रखने में मदद करेगा।'' सीए ने यह भी कहा कि महिलाओं की राष्ट्रीय अनुबंध सूची में खिलाड़ियों की संख्या 15 से बढ़ाकर 18 कर दी जायेगी। घरेलू स्तर पर, राज्य और महिला बीबीएल अनुबंधों पर महिला खिलाड़ियों का औसत वेतन बढ़कर 1.5 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर हो जाएगा। हॉकले ने कहा, ''क्रिकेट अब स्पष्ट रूप से ऑस्ट्रेलिया में एलीट महिला खिलाड़ियों के लिये किसी भी अन्य टीम खेल की तुलना में कमाई का सबसे अच्छा अवसर प्रदान करता है।'' उन्होंने कहा, ''यह समझौता विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम और महिला बीबीएल के सितारों के लिये पारिश्रमिक में वृद्धि के साथ महिला क्रिकेट के उदय में एक और बड़ा कदम दर्शाता है।'' नये समझौते के तहत, सीए के साथ केंद्रीय अनुबंध में जुड़े 24 पुरुष क्रिकेटरों के औसत वेतन में भी 7.5 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

बेंजेमा की हैट्रिक से मैड्रिड ने वलाडोलिड को 6-0 से हराया

मैड्रिड, 3 अप्रैल। करीम बेंजेमा ने सात मिनट के अंदर तीन गोल कर के सत्र के आखिरी 'अल क्लासिको' से पहले रियल मैड्रिड का बड़ी जीत दिलायी। रीयाल मैड्रिड ने रविवार को ला लीगा (स्पेन की शीर्ष फुटबॉल लीग) में वलाडोलिड को 6-0 से करारी शिकस्त दी, जिससे 'कोपा डेल रे' के सेमीफाइनल में बार्सीलोना का सामना करने से पहले टीम का मनोबल बढ़ेगा। रियाल मैड्रिड और बार्सीलोना के मुकाबले को अल क्लासिको के नाम से जाना जाता है।

रीयाल मैड्रिड की टीम बुधवार को दूसरे चरण के मुकाबले (कोपा डेल रे) के लिए बार्सीलोना की यात्रा करेगी। टीम कोपहले चरण में 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था। फ्रांस के बेंजेमा ने रविवार को खेले गये मैच के 29वें, 32वें और 36वें मिनट में गोल कर के हैट्रिक पूरी की। टीम के लिए अन्य गोल रोड्रिगो (22वां मिनट), मार्क्क असेनिसो (73वां मिनट) और लुकास वाजकेज (90 1 मिनट) ने किये। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको ने एंजल कुर्रे के 86वें मिनट में किये गये गोल से रीयाल बेटिस को 1-0 से हराया। विलारीयाल ने सोसिडाड को 2-0 से शिकस्त दी जबकि सेल्टा विगो को अल्मेरिया ने 2-2 की बराबरी पर रोका।

लियोन ने पीएसजी, मोनाको ने स्ट्रासबर्ग को हराया

रिस, 3 अप्रैल। लियोन ने फ्रांस की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग (लीग वन) में तालिका में शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन को रविवार को यहां 1-0 से हराकर उलटफेर किया। मैच का इकलौता गोल ब्रेडली बारकोला ने 56वें मिनट में किया। पीएसजी की यह लगातार दूसरी और चैम्पियनशिप में कुल पांचवीं हार है। इससे अन्य टीमों को खिताबी मुकाबले में अपनी स्थिति बेहतर करने का मौका मिल गया। इस हार के बाद पीएसजी की टीम दूसरे स्थान पर काबिज लेंस और मार्सीले से छह अंक आगे है एक अन्य रोमांचक मुकाबले में मोनाको ने स्ट्रासबर्ग को 4-3 से हराया।

हार के बावजूद नटराजन से प्रभावित हुए लारा

हैदराबाद, 3 मार्च। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के हाथों मिली 72 रन की करारी हार के बावजूद तेज गेंदबाज टी नटराजन के प्रदर्शन से प्रभावित हुए हैं।

चोट के कारण लंबे समय बाद पिच पर लौटे नटराजन ने रविवार को भले ही अपने पहले ओवर में 17 रन दिये, लेकिन इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी की और अगले तीन ओवर में 23 रन देते हुए दो विकेट चटकाये। लारा ने कहा, अब वह चोट से वापस आ गए हैं और वह एक अनुभवी गेंदबाज़ हैं। पहले ओवर के बाद उन्होंने जिस तरह वापसी की वह बहुत बेहतरीन था। गेंदबाजों ने अंतिम आठ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया। एक समय पर राजस्थान 225 तक भी पहुंच सकता था लेकिन हमारे गेंदबाजों ने उन्हें रोक लिया। यह सकारात्मक संकेत हैं। हम यहां से सुधार कर सकते हैं।''

युवा गेंदबाजों के सराहनीय प्रदर्शन के अलावा सनराइजर्स के लिये आईपीएल का पहला मैच अच्छा नहीं रहा। राजस्थान ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 203 रन का स्कोर खड़ा करने के बाद मेजबान टीम को 20 ओवर में सिर्फ 131 रन बनाने दिये। लारा ने हालांकि पहले गेंदबाजी करने के अपने फैसले का बचाव किया।

हमने वास्तविक पिच के साथ बहुत सारे अभ्यास सत्र खेले और हमने यह महसूस किया कि पिच पर गेंदों को काफी उछाल मिल रहा है। जब हमने आज की पिच को देखा तो हमें लगा कि यह अच्छा विकेट है और यह टूर्नामेंट का पहला मैच था। हमने टीम शिविर में महसूस किया था कि गेंदबाजी हमारा मजबूत पक्ष है, जिससे हम शुरू में ही उनपर दबाव बनाना चाहते थे।'' लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स को पहले ओवर में ही ट्रेंट बोल्ट ने दो झटके दिये। मेजबान टीम पावरप्ले में मात्र 30 रन जोड़ सकी, जिससे उभरना उसके लिये मुमकिन नहीं हुआ। लारा ने कहा, हम शुरुआती ओवरों में वैसी गेंदबाजी नहीं कर पाये जैसी हमें करनी चाहिये थी। खिलाड़ियों ने स्वीकार किया है कि वे इसमें सुधार करना चाहते हैं। अगर आप मैच को दो हिस्सों में बांटकर देखें तो पायेंगे कि जब हमारे हाथ में गेंद थी तब हमने पावरप्ले में मैच को हाथ से निकलने दिया। जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तब भी विकेट गंवाने के कारण हम पावरप्ले में ही हार गये।

शुरुआती मैचों में लगातार हार मायूस करने वाला : शेन बांड

बेंगलुरु, 3 अप्रैल। मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बांड ने स्वीकार किया है कि पूर्व चैंपियन का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का सत्र का शुरुआती मैच जीतने में लगातार नाकाम रहना बेहद निराशाजनक है।

पांच बार की चैंपियन टीम को रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से आठ विकेट की हार का सामना करना पड़ा। यह लगातार 11वां मौका है जब मुंबई ने सत्र का पहला मैच गंवा दिया। टीम ने आखिरी बार सत्र के शुरुआती मुकाबले को 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर जीता था।

बांड ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' टीम के साथ यह मेरा नौवां सत्र है और हमने अब तक अपना पहला मैच नहीं जीता है। इसलिए मायूसी हो रही है। यहां मुकाबला काफी कठिन है और हार से ज्यादा जीत होना हमेशा बेहतर होता है। यह सत्र शुरू करने का परेशान करने वाला तरीका है।'' बांड ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की सराहना की, जिन्होंने इशान किशन का विकेट झटकते हुए चार ओवर में सिर्फ 21 रन दिये। उन्होंने कहा, ''सिराज आज हमारे खिलाफ बहुत अच्छा था। सिराज के पहले तीन ओवरों (सिर्फ पांच रन) में कोई मौका नहीं दिया। उसने अपने बाउंसरों का बेहतरीन इस्तेमाल किया। उसने हमें कुछ शॉट खेलने के लिए मजबूर किया और इससे विकेट हासिल किए।''

बांड ने कहा, ''हम बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट पर पावर प्ले में सिर्फ 29 रन बना सके लेकिन हमारा बल्लेबाजी क्रम लंबा है। हमने कोशिश की लेकिन 170 तक ही पहुंच सके। उसका शुरुआती स्पेल शानदार था।'' मुंबई के लिए तिलक वर्मा के अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा। वर्मा ने 46 गेंदों में नाबाद 84 रन बनाए, जिससे टीम को 7 विकेट पर 171 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाने में मदद मिली।

बांड ने कहा, ''तिलक ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें ज्यादा मदद नहीं मिली। मुझे लगता है कि छोटे मैदान पर 170 का स्कोर काफी नहीं था। मुझे लगता है कि हमें 190 या उससे अधिक का स्कोर खड़ा करना चाहिए था।'' बांड ने कहा, ''हमने अच्छी गेंदबाजी नहीं की। हम जानते थे कि सलामी जोड़ी की साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण होने वाली है। हम इसे तोड़ नहीं पाए और दबाव बनाने में भी नाकाम रहे।''

गुजरात के खिलाफ दिल्ली के गेंदबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

नयी दिल्ली, 3 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब अपने घरेलू मैदान पर गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दूसरी ओर, शुरुआती मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स को मात देने के बाद गुजरात के हौसले बुलंद है। घुटने की गंभीर चोट के कारण केन विलियमसन के टूर्नामेंट से बाहर होने के बावजूद कागजों पर गुजरात टाइटन्स मजबूत है। दिल्ली कैपिटल्स को सत्र के शुरुआती मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 50 रन से करारी शिकस्त दी थी। इस मैच में टीम को सबसे ज्यादा निराशा भारतीय तेज गेंदबाजों से हुई थी और एनरिच नोर्किया की गैरमौजूदगी में ये गेंदबाज लखनऊ के बल्लेबाजों को परेशान करने में विफल रहे थे। चेतन सकारिया और मुकेश कुमार सटीक लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं।

मुंबई के खिलाफ मैच में आरसीबी के तेज गेंदबाज टॉप्ले का कंधा चोटिल हुआ

बेंगलुरु, 3 अप्रैल। खिलाडियों के चोटिल होने की समस्या का सामना कर ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले के दाहिना कंधे में चोट से रविवार को एक और झटका लगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान टॉप्ले का कंधा खिसक (डिसलोकेट) गया। आरसीबी के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा कि इंग्लैंड के इस खिलाड़ी की चोट की गंभीरता का पता स्कैन के नतीजे आने के बाद चलेगा।हेसन ने रविवार को टीम की जीत के बाद आरसीबी के यूट्यूब चैनल को बताया, '' दुर्भाग्य से उसका घुटना जमीन में फंस गया और वह अपने कंधे के बल गिर गया, जिससे उसका कंधा खिसक गया। टीम के चिकित्सक ने हालांकि उसी समय उपचार कर कंधे को उसकी जगह पर कर दिया।'' कोच ने कहा, '' वह फिलहाल स्कैन कराने के लिए गए हुए हैं। हमें उम्मीद है कि शुरुआती रिपोर्ट चिंताजनक नहीं होगी और वह हमारे साथ बना रहेगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हमें फिर कुछ और योजना बनानी होगी। उम्मीद है कि वह ठीक होगा। आरसीबी ने अपने घरेलू मैदान पर रविवार को मुंबई इंडियंस पर आठ विकेट की जीत के साथ सत्र का शानदार आगाज किया। टॉप्ले अगर लंबी अवधि के लिए टीम से बाहर होते है तो वह दाएं हाथ के बल्लेबाज रजत पाटीदार और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तरह चोटिल खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जायेंगे। पाटीदार एड़ी की चोट से जूझ रहे है और आईपीएल के कम से कम पहले भाग में नहीं खेल पाएंगे, हेजलवुड के पहले सात मैचों में खेलने की संभावना नहीं है।

सिनर को हराकर मेदवेदेव मियामी ओपन चैम्पियन बने

मियामी गार्डन्स, 3 अप्रैल। डेनियल मेदवेदेव ने मियामी ओपन टेनिस के फाइनल में इटली यानिक सिनर को 7-5, 6-3 से हराकर साल का अपना चौथा एटीपी खिताब जीता। मेदवेदेव की सिनर के खिलाफ छह मैचों में यह छठी जीत है और इस साल अब तक खेले गये अपने 25 मुकाबलों में से उन्होंने 24 में जीत दर्ज की है। इस दौरान उनकी एकमात्र हार का सामना इंडियन वेल्स फाइनल में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अलकराज के खिलाफ करना पड़ा था।

सिनर ने एक घंटे 34 मिनट तक चले मुकाबले के शुरुआती सेट में मेदवेदेव को कड़ी टक्कर दी लेकिन रूस के खिलाड़ी ने दूसरे सेट में उन्हें कोई मौका नहीं दिया। इस साल का पांचवां खिताबी मुकाबला खेलने वाले मेदवेदेव इससे पहले रॉटरडैम, दोहा और दुबई में चैम्पियन बनें है।

ऐसे में शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या को उनके खिलाफ रन बनाने में कोई परेशानी नहीं होगी

खलील अहमद ने शुरुआती मैच में गेंद से कुछ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन क्षेत्ररक्षण के मामले में वह फिसड्डी रहे है। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ कायल मायर्स का कैच टपकाया था जो टीम को काफी महंगा पड़ा था।

दिल्ली के पास इशांत शर्मा जैसा अनुभवी गेंदबाज है लेकिन यह समझा जाता है कि टीम प्रबंधन ने 100 टेस्ट खेल चुके इस खिलाड़ी को सम्मान दिखाने के लिए आधार मूल्य पर अपने साथ जोड़ा। इशांत का इस्तेमाल 'इंपैक्ट खिलाड़ी' के तौर पर हो सकता है। दिल्ली के अभ्यास सत्र पर नजर रखने वालों का हालांकि मानना है कि उनकी गति और पैनापन में काफी गिरावट आयी है। टीम को नोर्किया और लुंगी एंगिडी का साथ इस मैच के बाद से ही मिल पाएगा ऐसे में कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली को टीम संयोजन बनाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। ऐसे में टीम सकारिया की जगह मुस्ताफिजूर रहमान को एकादश में मौका दे सकती है लेकिन इसके लिए रिले रोसो को बाहर बैठना पड़ेगा। बल्लेबाजी विभाग में कप्तान डेविड वार्नर चाहेंगे कि पृथ्वी साव और सरफराज खान जैसे भारतीय बल्लेबाज तेज गेंदबाजों का बेहतर तरीके से सामना करें। उन दोनों को मार्क वुड ने अपनी गति से परेशान किया था।